आईआईएम ने की मानव पुस्तकालय की मेजबानी

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची ने मंगलवार को मानव पुस्तकालय की मेजबानी की। मानव पुस्तकालय लोगों को सार्थक बातचीत में संलग्न होने और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने का प्रयास था। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने एक-दूसरे के साथ अपनी कहानियों व दृष्टिकोण को साझा किया।

इस मानव पुस्तकालय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को ऐसे लोगों के साथ जुड़ने का मौका मिला, जो पृष्ठभूमि और अनुभवों की विभिन्न श्रेणी का प्रतिनिधित्व करते थे। हर पुस्तक को एक निर्दिष्ट समय स्लॉट दिया गया था। पाठक उनके बारे में जानने और उनके जीवन में आनेवाली चुनौतियों को समझने के लिए प्रश्न पूछ सकते थे। इस मानव पुस्तकालय में विभिन्न व्यवसाय, धर्म, संस्कृतियों के लोग शामिल हुए। उन्होंने अपनी कहानियों को साझा किया और उपस्थित लोगों के साथ सार्थक बातचीत की।

Hindustan_21.12.2022_Pg.6